हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 4 अक्टूबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

07 जनशिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण...



08 नपाध्यक्ष ने खड़े रहकर हटवाया बेजा कब्जा दो...



सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन कर उपहार किए प्रदान, बच्चों को फल व टॉफी बांटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को नलखेड़ा मंडल के केन्द्र 5 आंगनबाड़ी में आंगन कार्यक्रम उत्साह के साथ आयोजित किया गया। आंगनबाड़ी में आयोजित इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं माता बहनों का अभिनंदन भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी आंगनबाड़ी बहनों को उपहार प्रदान किए। बच्चों को फल और टॉफी वितरित की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा महिला मोर्चा द्वारा महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी केन्द्र सहित अन्य केंद्रों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसके अंतर्गत केंद्र की सफाई के साथ पौधारोपण,आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान वअन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार को नलखेड़ा की आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष साक्षी सकलेचा, आभा चोपड़ा, भाजपा मंडल नलखेड़ा अध्यक्ष रोहित सकलेचा, मंडल महामंत्री शिवम नागर आदि द्वारा सेवा संकल्प एवं आंगन मिलन कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा, संकल्प और समर्पण का रहा है।

आंगनबाड़ी परिसर में साफ-सफाई की

सभी भाजपा नेताओं ने उनके सेवा जीवन पर सभी के बीच विचार रखे एवं उनके सेवा कार्यों से प्रेरणा लेकर समाज में सेवा की भावनाओं को आगे बढ़ाने का आग्रह उनके द्वारा सभी से किया गया। साथ ही सेवा कार्य को आगे बढ़ाते हुए आंगनबाड़ी में स्वच्छता का कार्य किया। जिसमें आंगनबाड़ी परिसर की सफाई, बच्चों के हाथ धुलवाए और संदेश दिया कि भोजन करने के पहले हमें हाथ साबुन से जरूर धोना चाहिए एवं स्वच्छता के कार्य को आगे बढ़ाना चाहिए। परिसर में





पर्यावरण का संदेश देते हुए सभी के साथ पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पत्र का वाचन किया। शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बच्चों में गेम्स खिलाए तथा उपस्थित सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया।

मध्यप्रदेश शासन की ई-स्कूटी वितरण योजनाः 16 मेधावी छात्र-छात्राओं को मिली स्कूटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मध्य प्रदेश शासन की प्रतिभाशाली विद्यार्थी स्कूटी वितरण योजना के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय मंदसौर में जिला स्तरीय ई स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं स्वागत उद्बोधन जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट ने दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार एवं विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया उपस्थित रहे। अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष नम्रता चावला एवं वार्ड पार्षद सुनीता भावसार मंचासीन रहीं। नगर पालिका उपाध्यक्ष नम्रता चावला एवं वार्ड पार्षद सुनीता भावसार ने अपने उद्बोधन में सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह योजना विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है। विशेष अतिथि यशपाल सिंह सिसोदिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह ई-स्कूटी आपकी मेहनत और लगन का पुरस्कार है। जीवन में हमेशा बड़ा लक्ष्य रखें, अनुशासित रहें और अपने जिले व प्रदेश का नाम रोशन करें। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार ने कहा कि बेटी-बेटा दोनों को समान शिक्षा मिलना जरूरी है। राज्य सरकार विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। सभी विद्यार्थी यातायात नियमों का पालन करें और हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर के 16 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा स्कूटी की चाबी प्रदान की गई। स्कूटी पाकर छात्र-छात्राओं में हर्ष व्याप्त रहा। कार्यक्रम का संचालन खुशबू शर्मा एवं विनोद जोशी ने किया एवं आभार प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय के. सी. सोलंकी ने माना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने पुष्पमाला पहनाकर किया सम्मान

सेवानिवृत्त होकर लौटे सैनिक का नगरवासियों ने किया स्वागत, भारत माता के जयकारों से गूंजा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

भारतीय सेना में 18 वर्षों तक देश की सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त होकर अपने गृह ग्राम बाईगांव लौटे हवलदार जीवनसिंह उपलावदिया का शनिवार को नगरवासियों ने पलक पांवड़े बिछाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वीर सैनिक के नगर आगमन पर निकाले गए स्वागत जुलूस में भारत माता के जयकारों से पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। सैनिक जीवनसिंह उपलावदिया ने भारतीय सेना में सेवा के दौरान देश की सीमाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने बताया कि कारगिल वारियर्स, सर्जिकल स्ट्राइक तथा ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में भी उन्होंने अपनी सेवाएं दी हैं। सेना से सेवानिवृत्त होकर लौटे वीर सैनिक के सम्मान में नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे सारंगपुर रोड स्थित गंगा इलेक्ट्रॉनिक से वीर सैनिक के सम्मान में स्वागत चल समारोह निकाला गया। सैनिक को जिप्सी में सवार कर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए उनके गृह ग्राम बाईगांव ले जाया गया। रास्तेभर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर तथा पुष्पमाला, शाल-श्रीफल भेंट कर वीर सैनिक का सम्मान किया।आगर-सारंगपुर रोड पर बड़ी संख्या में व्यापारी एवं नागरिक स्वागत के लिए मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों के साथ मुस्लिम समाज सहित विभिन्न समाजों के लोगों ने भी वीर सैनिक का आत्मीय स्वागत किया। बच्चों से लेकर बुजुर्ग माताओं तक ने सैनिक को पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया और उन्हें आशीर्वाद दिया।







मां ने गले लगाया, बहन ने उतारी आरती

सेवानिवृत्त होकर घर पहुंचे वीर सैनिक के परिजनों में भी खुशी का माहौल रहा। गृह निवास पर मां ने अपने बेटे को गले लगाकर भावुक स्वागत किया, वहीं बहन ने तिलक लगाकर आरती उतारी। इस दौरान परिवारजनों की आंखों में खुशी और गर्व साफ दिखाई दिया। स्वागत चल समारोह वीर सैनिक के गृह ग्राम बाईगांव पहुंचा, जहां सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सबसे पहले वीर सैनिक के माता-पिता का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। इसके बाद समाजजनों, परिजनों एवं ग्रामीणों ने सेवानिवृत्त सैनिक जीवनसिंह उपलावदिया का पुष्पमाला एवं शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर क्षेत्र के सेवानिवृत्त सैनिकों ने भी अपने साथी वीर सैनिक का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। भारत माता के जयकारों से पूरा गांव देशभक्ति से सराबोर हो गया। सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, समाजजन, परिजन एवं बाहर से आए अतिथि मौजूद रहे।

सांसद सुधीर गुप्ता को अब रेलवे संबंधी स्थायी समिति की कमान



मंदसौर। केन्द्र सरकार द्वारा मंदसौर संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता को रेलवे संबंधी स्थायी समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी संसदीय कार्यप्रणाली में उनके महत्वपूर्ण दायित्व को दर्शाती है। रेलवे संबंधी स्थायी समिति संसद की महत्वपूर्ण समितियों में शामिल है, जो रेलवे के कामकाज, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा, आधारभूत संरचना के विकास तथा रेलवे से जुड़े विभिन्न मुद्दों की समीक्षा करती है। कॉरपोरेट विधियां विधेयक से संबंधित संयुक्त संसदीय समिति में उनकी भूमिका और संसदीय अनुभव के बाद रेलवे जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र से जुड़ी समिति की जिम्मेदारी मिलना उनके संसदीय कार्यक्षेत्र के विस्तार के रूप में देखा जा रहा है। इस महत्वपूर्ण दायित्व के साथ रेलवे की नीतियों, बजट, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा और विकास परियोजनाओं जैसे विषयों पर संसदीय समीक्षा में उनकी भूमिका अहम रहेगी। समिति के चेयरमैन के रूप में बैठकों की अध्यक्षता करना, चर्चा को दिशा देना, विभिन्न विषयों पर सदस्यों के विचारों को सुनना तथा समिति की रिपोर्ट और सिफारिशों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में भूमिका निभाना महत्वपूर्ण दायित्व हैं। सांसद सुधीर गुप्ता की यह नई जिम्मेदारी अब तक दिए गए सभी महत्वपूर्ण दायित्वों में सफलता के कारण केन्द्र सरकार द्वारा उन्हे अहम जिम्मेदारी दी जा रही है। अब वह रेलवे से जुड़े जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ मंत्रालय के समक्ष रखेंगे। और रेल सुविधाओं एवं विकास के लिए अहम साबित होंगे।

बंगाली कॉलोनी नंबर 7 व 8 के बीच की पुलिया का विधायक ने भमिपूजन किया

अधिकारी के कार्यक्रम में अनुपस्थित पर जताई नाराजगी





हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/ मंदसौर

तहसील क्षेत्र गांधी सागर की बंगाली कॉलोनी नंबर सात से नंबर आठ तक आवागमन हेतु जोड़ने के लिए पुलिया निर्माण का भूमिपूजन शनिवार को क्षेत्रीय विधायक चंदरसिंह सिसोदिया ने किया। इस अवसर पर गांधी चौक प्रांगण में सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक चंदरसिंह सिसोदिया, भाजपा नेता अशोक खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष आदित्य मांगरोलिया, अशोक गोखरू, सरपंच मनीष परिहार, उमेश पाटीदार, अमरलाल मीणा, संजय तिल्लानी, राजेन्द्र जैन मंचासीन थे, जिनका माल्यार्पण कर स्वागत ग्राम पंचायत सरपंच मनीष परिहार सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया।

इस अवसर पर अशोक खंडेलवाल ने विधायक कार्यकाल में जल संसाधन विभाग द्वारा 28 करोड़ के गांधीसागर में सीसीरोड में कार्यों की गुणवत्ता पर आरोप लगाते हुए सवाल उठाए। आदित्य मांगरोलिया ने अपने उद्बोधन में देश एवं प्रदेश की योजनाओं से अवगत कराया। सरपंच मनीष परिहार ने कहा कि उनके कार्याकाल में विधायक ने गांधीसागर को स्मरणीय सौगाते प्रदान की, साथ ही यहां पर विकास कार्यों की मंच से मांग की गई। विधायक सिसोदिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर एक माह तक विभिन्न योजनाएँ एवं गतिविधियों की जानकारी दी। सिसोदिया ने कहा कि रामपुरा से गांधीसागर सड़क मार्ग पर अभ्यारण्य सीमा में अंडगा आ रहा है तथा इस मार्ग पर चौड़ीकरण के लिए मुख्यमंत्री से मांग की है कि सड़क के दोनों किनारों की साइडो पर ही निर्माण कार्य करवाया जाए।

गांधीसागर के दोनों सिरों को जोड़ने के लिए पुल निर्माण कार्य के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, जलसंसाधन मंत्री तुलसी सिलावट एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं कि उन्होंने एक ही मांग पर इसकी स्वीकृति प्रदान दी। इस पुल के बनने से दोनों सिरों के रहवासियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही विधायक ने मंच से ही जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की निष्पक्षता से जांच करवाएं। अगर आपसे यह नहीं होता तो मैं जांच की कार्यवाही करवाता हूं। कार्यक्रम में सुदर्शन शर्मा, पवन नकड़ा, सोमिल तिल्लानी, गौरीलाल गुर्जर आदि सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे। कार्यक्रम समाप्ति पर विधायक एवं सरपंच जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल पर वरिष्ट अधिकारियों की मौजूदगी नहीं होने पर नाराजगी जताई।

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से पत्रकार सकलेचा ने की भेंट



नलखेड़ा। जैन पत्रकार परिषद तथा तहसील प्रेस क्लब नलखेड़ा के सदस्य ऋषि सकलेचा ने नागपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उनके निज निवास नागपुर पर सौजन्य भेंट कर उन्हें नलखेड़ा में स्थित प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर आने का निमंत्रण देते हुए गडकरी को मोबाइल पर माता रानी के दर्शन भी करवाए। पत्रकार सकलेचा नागपुर में मालवा महासंघ के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए गए थे। जहां उनके द्वारा 3 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री गडकरी के निवास स्थान पर पहुंचकर उनसे सौजन्य भेंट की गई। तथा उन्हें मां बगलामुखी मंदिर के बारे में जानकारी देते हुए नलखेड़ा आने का आमंत्रण दिया साथ ही उन्हें मोबाइल पर माता रानी के दर्शन भी करवाए गए।

कैलाशपुर ग्राम पंचायत के उपचुनाव में रामप्रसाद मीणा जीते



भानपुरा /मंदसौर। जनपद पंचायत की कैलाशपुर ग्राम पंचायत के सरपंच पद के उपचुनाव में रामप्रसाद मीणा भारी मतों से विजयी रहे। 3 अक्टूबर को भानपुरा तहसील कार्यालय पर हुई मतगणना में कुल गिरे मतों में से विजयी उम्मीदवार रामप्रसाद मीणा को 573 मत मिले। वहीं दो पराजित उम्मीदवार गोरधन लाल धाकड़ को 127 व प्रकाश धाकड़ को 42 मत मिले। तहसीलदार मुकेश निगम ने विजयी उम्मीदवार रामप्रसाद मीणा को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया,यहां के पुर्व सरपंच रमेशचंद्र गायरी के निधन के कारण यह पद रिक्त था जिस पर यह उप चुनाव हुआ। रामप्रसाद मीणा 446 मतों के भारी अंतर से विजय हुए। रामप्रसाद मीणा अपनी सादगी तथा मिलन सारिता के चलते उपरोक्त उपचुनाव में भारी मतों से जीत प्राप्त करने में सफल रहे।

मालवा महासंघ के स्नेह मिलन में 300 श्री संघों का हुआ मिलन

नई पीढ़ी को धर्म, संस्कार और समाज से जोड़ें: विश्वरत्न सागर





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आने वाली पीढ़ी को धर्म, संस्कार और समाज से जोड़ना आज की सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है। इसके लिए परिवार, श्री संघ और सामाजिक संगठनों को मिलकर वातावरण तैयार करना होगा। समाज का संगठन तभी मजबूत होगा जब उसमें वरिष्ठों का अनुभव, युवाओं की ऊर्जा और नई पीढ़ी के संस्कार तीनों साथ चलेंगे। उक्त उद्गार आचार्य विश्वरत्न सागर म.सा.ने रामदास पेठ नागपुर स्थित श्री सुमतिनाथ स्वामी जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक श्री संघ में आयोजित मालवा महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में व्यक्त किए। आचार्य ने कहाकि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी संख्या में नहीं, बल्कि उसकी एकता, संगठन और संस्कारों में होती है। जब समाज के लोग आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर एक दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनते हैं तब संगठन केवल एक संस्था नहीं रहता, बल्कि परिवार का रूप धारण कर लेता है।

आचार्य श्री ने कहा कि आज आवश्यकता है कि समाज के अलग-अलग श्री संघ एक दूसरे के साथ जुड़े रहे। एक दूसरे की गतिविधियों को समझे और समाज के व्यापक हित के लिए मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को धर्म, संस्कार और समाज से जोड़ना आज की सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है। इसके लिए परिवार श्री संघ और सामाजिक संगठनों को मिलकर वातावरण तैयार करना होगा। समाज का संगठन तभी मजबूत होगा। जब उसमें वरिष्ठों का अनुभव, युवाओं की ऊर्जा तथा नई पीढ़ी के संस्कार तीनों साथ चलेंगे। जैन समाज की एकता, संगठन और आपसी स्नेह को मजबूत करने के उद्देश्य से जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ का भव्य स्नेह मिलन रामदास पेठ स्थित श्री सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ में आयोजित किया गया था। आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से आए करीब 300 श्री संघों के प्रतिनिधि एवं समाज जनों के साथ जैन पत्रकार परिषद के 50 सदस्यों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में धर्म, समाज और संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद हुआ। वर्षों से अलग-अलग क्षेत्र में धर्म एवं समाज की सेवा कर रहे श्री संघो को एक मंच पर लाकर आपसी संपर्क और स्नेह, समन्वय को मजबूत करने का प्रयास किया गया। मालवा महासंघ के इस स्नेह मिलन में करीब 300 श्री संघो का एक मंच पर एकत्रित होना आयोजन का विशेष आकर्षण रहा। विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने परस्पर परिचय एवं संवाद के माध्यम से सामाजिक संपर्क को मजबूत किया। समाज जनों ने ऐसे भविष्य में सामूहिक रूप से समाज हित के कार्यों को आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर बताया। आचार्यश्री के मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन से आयोजन को विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा मिली। उपस्थित श्री संघों ने समाज की एकता, धर्म की प्रभावना तथा आने वाली पीढ़ी में संस्कारों के निर्माण के लिए मिलकर आगे बढ़ने का संकल्प भी लिया।

खबर संक्षेप

सेवा सेतु अभियान में ग्रामीणों को मौके पर मिली शासकीय सेवाएं



सोनकच्छ। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार नागरिकों को पारदर्शी, संवेदनशील, उत्तरदायी एवं समयबद्ध लोक सेवाएं गांव और वार्ड स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद पंचायत सोनकच्छ में "सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार" का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य कृषकों, ग्रामीणों, श्रमिकों, महिलाओं तथा वंचित एवं कमजोर वर्गों को शासकीय कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने की परेशानी से राहत दिलाना है। शिविर के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के साथ राजस्व विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित नागरिक सेवाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता मदनलाल धाकड़ ने की। मुख्य अतिथि तेज सिंह बघेल एवं महेश पाटीदार रहे। शिविर में एसडीएम सोनकच्छ आनंद मालवीय, जनपद पंचायत सीईओ गीतिका सोनी, तहसीलदार नेहा शाह, धीरज सिंह ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

महात्मा गांधी जयंती पर जिला कांग्रेस सेवादल ने निकाली सद्भावना संकल्प यात्रा

यह देश गांधी का है, गांधी की विचारधारा को कोई समाप्त नहीं कर सकता: श्रीनिवास

शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी सदभावना संकल्प यात्रा, समापन कार्यक्रम में शामिल हुए देश प्रदेश के दिग्गज कांग्रेस नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गांधी जी की विचारधारा खतरे में है। विरोधी दल, उस गांधी को खत्म करना चाहते हैं, जिनकी कल 150 से अधिक देशों में जयंती मनाई गई। यह देश महात्मा गांधी का देश है, विरोधी ताकतें कितनी भी कोशिश कर लें, यह देश महात्मा गांधी और उनकी विचारधारा का ही रहेगा। उक्त बातें कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने जिला कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह दरबार द्वारा आयोजित सद्भावना संकल्प यात्रा के समापन अवसर पर कहीं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस सेवादल एक पवित्र विचार है। देश में आपसी साम्प्रदायिक सद्भाव, इस देश की पहचान है। देश का संविधान, देश का विधान, कांग्रेस ने बनाया। आजादी, कांग्रेस के विचार ने दिलाई,लेकिन आज बड़ा दुख होता है कि इस व्यवस्था को कुछ लोग उजाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये पार्टी भारत की सद्भावना वाली संस्कृति को मिटाने पर तुली हुई है। प्रदेश अध्यक्ष अवनिश भार्गव ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सेवादल जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह दरबार के द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, अभा राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र जोशी,मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा अन्य अतिथियों के रूप में उपस्थित थे। कांग्रेस प्रवक्ता हारिस गजधर ने बताया कि कार्यक्रम में देवास सहित आसपास के क्षेत्रों से भी सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इसके पूर्व महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल, भोपाल चौराहे से, संकल्प यात्रा शुरू हुई और नगर भ्रमण कर मल्हार स्मृति मंदिर हॉल पर संपन्न हुई। यात्रा में कार्यकर्ता, गणवेश में अनुशासित होकर निकले। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राधेश्याम पटेल, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, जिला शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम, देवास प्रभारी विनय बाकलीवाल, सुरेंद्रसिंह शेरा भैय्या आदि मौजूद रहे।

पटवारी ने उठाए सवाल

पटवारी ने कहा कि मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कहा कि सांची की डेयरी लाभ में चल रही थी, तो उसे एनडीडीबी को क्यों दिया गया। सवाल यह है कि इसमें ग्रामीण समितियों का भी अंशदान था, फिर इन समितियों की संख्या क्यों कम हो गई। जीतू ने कहा कि सरकार ने एनडीडीबी को 150 एकड़ जमीन मुफ्त में दी और 600 करोड़ रुपए भी दिए। इसके बदले मध्य प्रदेश और यहां के दूध उत्पादकों को क्या मिला? क्या दूध उत्पादकों को दूध के दाम बढ़ाकर दिए गए? जीतू ने कहा कि मेरा प्रदेश सबसे ज्यादा बेरोजगारी, कुपोषण और किसान कर्ज की समस्या से जूझ रहा है। महंगाई की मार भी लोगों पर है। स्वास्थ्य सेवाओं में अराजकता है और शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हुई है।

ज्ञानेश चुनाव में हेरफेर कर रहे

मैं मानता हूं कि शिवराज सिंह चौहान करीब 18-20 साल तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। उनके कार्यकाल में प्रदेश में कई तरह की समस्याएं सामने आईं। व्यापमं का कलंक लगा, किसान कर्ज में डूबे और भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे। अब वे वोटर लिस्ट को लेकर अपनी बात रख रहे हैं। वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोप सामने आए हैं। चुनाव आयोग ज्ञानेश कुमार चुनाव में हेरफेर कर रहे हैं। देश इसे समझ रहा है।

ड्रोन से रेकी कर खेत में पकड़ी गांजा की अवैध खेती

काछीगुराड़िया में 354 पौधे जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

थाना सोनकच्छ पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम काछीगुराड़िया में गांजा की अवैध खेती का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार एसपी पुनीत गेहलोत के निर्देशन, एएसपी गजेंद्र सिंह वर्धमान एवं एसडीओपी सोनकच्छ श्यामचंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही थी।

थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रांत झांझोट ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर रखा था। 2 अक्टूबर को पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम काछीगुराड़िया क्षेत्र के एक खेत में अवैध रूप से गांजे की खेती की जा रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने पुलिस टीम को मौके के लिए रवाना किया। पुलिस टीम ने संदिग्ध खेत पर पहुंचकर ड्रोन की सहायता से पूरे खेत की रेकी की। ड्रोन से वीडियोग्राफी भी कराई गई। रेकी के दौरान खेत में अन्य फसलों के बीच गांजे के पौधे लगे होना सामने आया। इसके बाद पुलिस ने मौके पर विधिवत कार्रवाई शुरू की।पुलिस टीम ने खेत में लगे गांजे के पौधों को काटकर गठानों में एकत्रित किया। इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे से तौल करने पर कुल 354 पौधों का वजन 686.170 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने बरामद फसल की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपए आंकी है। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने प्रेमसिंह पिता चंदरसिंह कुशवाह को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना सोनकच्छ में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रांत झांझोट के नेतृत्व में एसआई मानसिंह गामोड़, राजेश नायला, राजेश सिंह जाधव आदि की भूमिका रही।

समस्याओं का निराकरण करने भैंसुनी में लगा शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नागरिकों की समस्याओं का उनके गांव और घर के समीप ही त्वरित समाधान करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से देवास विकासखंड के ग्राम भैंसुनी (विजयागंज मंडी) में 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान' एवं 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विधायक गायत्री राजे पवार, प्रमुख सचिव खनिज विवेक पोरवाल और कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने उपस्थित रहकर नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए व समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित कराया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि जो प्रकरण मौके पर निराकृत नहीं हो सके हैं, उन्हें सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज कर विकासखंड स्तरीय शिविर से पूर्व समय-सीमा में हल किया जाए।विधायक पवार ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की प्राथमिकता समाज के हर वर्ग तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास और सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से संपूर्ण प्रशासनिक अमला गांव-गांव पहुंचकर जनता की समस्याएं सुन रहा है। उन्होंने महिलाओं से विशेष आग्रह किया कि वे शिविर में उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ अवश्य उठाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, डीएफओ अमित सिंह, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

ग्राम सभा में विकास कार्यों पर किया मंथन



चापड़ा। ग्राम पंचायत छतरपुरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में पंचायत क्षेत्र में आगामी वर्षों में किए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों की कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, माजरा-टोला सड़क, नल-जल योजना का क्रियान्वयन, सुदूर सड़क निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन के तहत पात्र हितग्राहियों के लिए शौचालय निर्माण सहित ग्राम पंचायत द्वारा कचरा वाहन क्रय करने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। ग्राम सभा की अध्यक्षता सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार ने की। उन्होंने ग्रामीणों से ग्राम पंचायत को प्लास्टिक कचरे से मुक्त बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की। सरपंच ने बताया कि पंचायत द्वारा नियमित रूप से कचरा वाहन संचालित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। ग्राम के चार सामूहिक स्थानों को गंदगी से मुक्त किया जा चुका है, जबकि तीन स्थान शेष हैं। इन स्थानों को भी मातृशक्ति के सहयोग से स्वच्छ बनाने का प्रयास किया जाएगा।

गुजरात पैटर्न पर सजेगी माता टेकरी

देवास। नवरात्रि में माता टेकरी रात में रोशनी का खास आकर्षण रहेगी। पहली बार गुजरात के मंदिरों और गरबा पंडालों की तरह टेकरी को सजाया जा रहा है। बड़ी माता मंदिर से पहाड़ी हिस्से और परिक्रमा मार्ग तक अलग-अलग थीम पर लाइटिंग की गई है। रात होते ही पूरी टेकरी रंग-बिरंगी रोशनी से चमकने लगी है। बड़ी माता मंदिर पर खास थीम पर लाइटिंग है, जो मंदिर को खूबसूरत बना रही है। टेकरी के पहाड़ी हिस्से में भी थीम के अनुसार लाइटिंग की गई है। परिक्रमा मार्ग पर मल्टी कलर लाइटें लगाई गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को रात में पूरा रास्ता जगमगाता दिखेगा। नायब तहसीलदार और टेकरी प्रभारी कपिल गुर्जर ने बताया कि गुजरात के पैटर्न पर माता टेकरी को सजाया गया है। सजावट मंदिर परिसर तक सीमित नहीं, पहाड़ी हिस्से को भी लाइटिंग से सजाया गया है।

एसपी ने देर रात थाना भौरासा व सोनकच्छ का किया आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा देर रात थाना भौरासा एवं थाना सोनकच्छ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। एसपी ने पुलिस की कार्यप्रणाली एवं रात्रिकालीन पुलिस व्यवस्था का मौके पर जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान आगामी त्योहारों के दृष्टिगत क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील एवं प्रमुख स्थानों पर प्रभावी पुलिस उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा रात्रि गश्त एवं चेकिंग व्यवस्था को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी रखने के निर्देश दिए गए।एसपी द्वारा दोनों थाना प्रभारियों को नियमित रूप से जनचौपाल आयोजित कर आमजन से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करने, स्थानीय समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण करने तथा पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए जनसहयोग से अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने एवं पूर्व से लगे कैमरों की सक्रियता सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

सेवा सप्ताह के तहत भौरासा में चला स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

गांधी जयंती के अवसर पर नगर परिषद भौरासा में सेवा सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद नगरीय निकाय में कार्यरत सफाई मित्रों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर बाबा भंवरनाथ मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, सीएमओ प्रमिला ठाकुर सहित जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने सफाई अभियान में सहभागिता की। उन्होंने स्वयं सफाई कार्य कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद कार्यालय सहित पूरे नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए कर्मचारियों और उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई। जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की अपील की।

जिंप सीईओ ने किया ग्राम पंचायत मंगरोला का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत नवीत कुमार धुर्वे ने ग्राम पंचायत मंगरोला का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न शासकीय संस्थाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। धुर्वे ने शासकीय विद्यालय में विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली तथा विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के साथ वृक्षारोपण भी किया गया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण कर शासन की विभिन्न योजनाओं एवं पंचायत क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने पंचायत के समस्त करों की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। धुर्वे ने निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदण्डों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करते हुए निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

गोदाम में मिला 200 टन वेस्ट, निगम ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



रसलपुर बायपास स्थित एक परिसर में फैक्ट्री के बजाय बड़ी मात्रा में वेस्ट मटेरियल और केमिकल का भंडारण किए जाने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद नगर निगम की टीम ने शनिवार को मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। जांच के दौरान परिसर में करीब 200 टन अलग-अलग प्रकार का वेस्ट मिला। वहीं गोदाम के एक हिस्से में करीब 8 टन केमिकल से भरे ड्रम भी पाए गए। निगम की टीम को मौके पर प्लास्टिक, कागज, टूटी चादर सहित विभिन्न प्रकार का वेस्ट मिला। परिसर में कुछ मेडिकल वेस्ट भी पाया गया। इसके अलावा एक ट्रक भी खड़ा मिला। केमिकल से भरे कुछ ड्रमों में कैप्सूल और दवा जैसा पाउडर मिलने की जानकारी सामने आई है। इन पदार्थों की प्रकृति और उपयोग को लेकर जांच की जा रही है। नगर निगम अधिकारी रवि कृष्ण गोयनार और स्वच्छता निरीक्षक शंकर सांगते टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया कि परिसर इंदौर के लोगों ने फैक्ट्री लगाने के लिए लीज पर लिया था, लेकिन यहां फैक्ट्री के बजाय वेस्ट और केमिकल का भंडारण किया जा रहा था। निगम अधिकारियों ने बताया कि आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। फिलहाल परिसर स्थित गोदाम को सील कर दिया गया है। मामले में जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियानः कलेक्टर ने किया विकासखंड का निरीक्षण

कलेक्टर ने छात्रों से संवाद कर परखा पढ़ाई का स्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अंतर्गत कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शनिवार को देवास विकासखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर शासकीय संस्थाओं, विकास कार्यों एवं लोक-कल्याणकारी योजनाओं के मैदानी क्रियान्वयन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने, समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा आमजन को मूलभूत सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर सिंह शासकीय माध्यमिक विद्यालय, आगरोद पहुंचे। यहां उन्होंने प्राचार्य से विद्यार्थियों की दर्ज संख्या, शिक्षकों की उपस्थिति और शैक्षणिक व्यवस्थाओं का ब्यौरा लिया। कलेक्टर ने सीधे विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई का स्तर परखा। इस दौरान वे स्वयं शिक्षक की भूमिका में नजर आए। उन्होंने कक्षा आठवीं की छात्राओं को ब्लैकबोर्ड पर गणित के प्रश्न हल करने को दिए। जब छात्राओं को सवाल हल करने में कठिनाई महसूस हुई, तो कलेक्टर सिंह ने स्वयं चाक उठाकर बोर्ड पर गणित के सवालों को सरल ढंग से समझाया। प्राचार्य को निर्देश दिए गए कि शाला में शिक्षण गुणवत्ता से कोई समझौता न हो।

विद्यालय परिसर में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नन्हें-मुन्ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया। इसके पश्चात उन्होंने रालामंडल स्थित एक औद्योगिक इकाई का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा पटलावदा से शीलाखेड़ी तक बनाई जा रही सड़क के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्ता की जांच करते हुए निर्देश दिए कि ग्रामीणों के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन के लिए निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर तकनीकी मापदंडों के अनुरूप पूरा किया जाए। पटलावदा में कलेक्टर ने नवनिर्मित पंचायत भवन एवं बाल वाटिका का मुआयना किया तथा सरपंच व ग्रामीणों से पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में उन्हें बैंकिंग कार्यों के लिए मेंढकी धाकड़ जाना पड़ता है, अतः पटलावदा में भी व्यावसायिक बैंक की शाखा खोली जाए। कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक को तत्काल व्यवहार्यता सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डिलीवरी में लापरवाही की शिकायत पर जोसेफ हॉस्पिटल का पंजीयन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



नगर में कई वर्षों से संचालित जोसेफ हॉस्पिटल के खिलाफ प्रसूति के दौरान कथित लापरवाही की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की है। शिकायत की जांच के दौरान अस्पताल का संचालन निर्धारित नियमों और मापदंडों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर जिला प्रशासन ने अस्पताल का पंजीयन निरस्त कर उसे तत्काल बंद करा दिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक के अनुसार ग्राम बरौली निवासी शंकरलाल ने जोसेफ हॉस्पिटल में प्रसूति के दौरान कथित लापरवाही को लेकर शिकायत की थी। शिकायत की जांच के लिए गठित समिति ने अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाओं और संचालन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की जांच की।

जांच के दौरान अस्पताल का संचालन मध्यप्रदेश नर्सिंग होम अधिनियम के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप नहीं पाया गया। साथ ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मापदंडों का पालन नहीं किए जाने की बात जांच रिपोर्ट में सामने आई। समिति की रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल का पंजीयन निरस्त करने की कार्रवाई की।

खबर संक्षेप



शर्मा इंटरनेशनल सम्मान से सम्मानित

ललितपुर । भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित इंटरनेशन] सेमिनार, नई दिल्ली में भारतवर्ष से पहुँचे विधि जगत के प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ललितपुर से सीनियर कर अधिवक्ता अखिलेश कुमार शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष कर अधिवक्ता संघ एवं प्रयागराज से अनिमेष मिश्रा एडवोकेट (प्रत्याशी उ.प्र. बार काउंसिल प्रयागराज) को मंचासीन कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुप्रीम कोर्ट बार के पूर्व अध्यक्ष तथा इम्पीरियल लंदन के चेयरमैन डॉ. आशीष अग्रवाल अधिवक्ता द्वारा विशेष सम्मान उत्तर प्रदेश को दिया गया। इस अवसर पर दिल्ली बार काउंसिल के चेयरमैन, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं सहित विशिष्ट अतिथियों के साथ सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान] की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं को देश के वरिष्ठ विधिवेत्ताओं एवं न्यायपालिका से जुड़े लोगों से संवाद, सम्मान का आदान-प्रदान हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश से पहुँचे अधिवक्ताओं ने सम्मान को उनके साथियों व शुभचिन्तकों ने गौरव का विषय बताया व हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की

दो ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल चोरी

ललितपुर । ट्रेनों में यात्रियों के कीमती सामान की चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जीआरपी थाना में अलग-अलग ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल चोरी होने के दो मामले दर्ज किए गए हैं। एक यात्री का मोबाइल चलती गरीब रथ एक्सप्रेस में चार्जिंग के दौरान चोरी हुआ, जबकि दूसरे यात्री का मोबाइल प्रतापगढ़-भोपाल एक्सप्रेस में उसकी पैंट की जेब से पार कर दिया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में लखनऊ निवासी अजय कुमार सोनी पुत्र रमेश चंद्र सोनी ने जीआरपी थाना ललितपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 8 अगस्त 2026 को वह ट्रेन संख्या 12593 गरीब रथ एक्सप्रेस से लखनऊ से बीना जा रहे थे। वह कोच जी/08 की सीट संख्या 9/12 पर यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना सैमसंग ए/22 मोबाइल, जिसकी कीमत करीब 22 हजार रुपये बताई गई है, सीट नंबर 9 पर चार्जिंग में लगा दिया और सो गए। आरोप है कि सुबह करीब 5 से 5.10 बजे के बीच जब उनकी आंख खुली तो मोबाइल गायब था। काफी तलाश के बाद भी मोबाइल नहीं मिला। शिकायतकर्ता के मुताबिक ट्रेन के झांसी रेलवे स्टेशन से निकलने के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल चोरी कर लिया। मोबाइल में बीएसएनएल और जियो की सिम लगी थीं। मामले में जीआरपी थाना ने बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत दर्ज की है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक रवि कुमार को सौंपी गई है। चोरी गए मोबाइल का आईएमईआई नंबर बताया गया है। दूसरे मामले में भोपाल निवासी नूरुल हसन पुत्र मेहंदी हसन ने जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी जनशिकायतें, कराया निस्तारण

जनशिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण शासन की प्राथमिकता: डीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी निस्तारण के लिए आज सदर तहसील में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को बेहद गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को तलब कर कई गंभीर मामलों का तत्काल निस्तारण कराया।

समाधान दिवस के दौरान अवैध कब्जों, भूमि की पैमाइश और जमीनी विवादों से जुड़े मामलों को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को तत्काल मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करने और विवादों का स्थायी व न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि सरकारी कार्य या जनशिकायतों के समाधान की प्रक्रिया में बाधा डालने वाले अराजक तत्वों और भू-माफियाओं को कतई बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर



कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी तय समय-सीमा के भीतर पूरी पारदर्शिता के साथ शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने दोहराया कि जिला प्रशासन हर नागरिक की समस्या के त्वरित समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतें

तहसील ललितपुर में कुल 61 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व एवं पुलिस के संयुक्त मामले 15, राजस्व के 14, पुलिस के 10, विद्युत के 05, पूर्ति के 06, जल संस्थान के 03, नगर पालिका के 06, निर्वाचन का 01 तथा सिंचाई विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 08 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में कुल 79 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 34, पुलिस के 16, विकास के 08, पूर्ति के 05, स्वास्थ्य के 02, समाज कल्याण के 14 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 14 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 07, विकास का 01, पूर्ति के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 14 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 04, विकास के 02, पुलिस के 03, विद्युत के 02 तथा अन्य विभागों के 03 प्रार्थना पत्र शामिल हैं। तहसील पाली में कुल 30 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 17, पुलिस के 02, पूर्ति के 05, विद्युत के 05 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर हेमन्त पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

समाधान दिवस के दौरान की गई प्रमुख शिकायतें

समाधान दिवस के दौरान बिरधा ब्लॉक के मउमाफी निवासी शिकायतकर्ता ने उनकी भूमि को चकबंदी प्रक्रिया के दौरान दूर स्थान पर दिये जाने की शिकायत की, जिस पर एसओसी चकबंदी को को मौके पर जाकर प्रकरण का निस्तारण कराने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार विघामहावत निवासी शिकायतकर्ता ने ग्राम में मनरेगा के तहत हुए कार्यों की जांच की मांग की, जिस पर डीसी मनरेगा को जांच के आदेश दिये गए। जुगपुरा निवासी शिकायर्ता द्वारा उनकी भूमि पर पीएम आवास निर्माण में विपक्षियों द्वारा बाधा डालने व आवास निर्माण न करने देने की शिकायत की, जिस पर क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षव व थानाध्यक्ष कोतवाली को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिये गए। ग्राम परसई नाराहट निवासी व्यक्ति ने उनकी भूमि को विपक्षियों से कब्जामुक्त कराने की शिकायत की, जिस पर उप जिलाधिकारी महरौनी को प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही करके निस्तारण करने के निर्देश दिये। मेलवाराकलां निवासी महिला ने उनकी भूमि पर विपक्षियों द्वारा अवैध कब्जा कर टपरा डालने की शिकायत की गई, जिस पर एसओसी चकबंदी और संयुक्त रूप से जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। आजादपुरा निवासी महिला ने एक साप्ताहिक समाचार पत्र के पत्रकारों द्वारा परेशान करने व पैसे मांगने की शिकायत की, जिस पर जिला सूचना अधिकारी व क्षेत्राधिकारी सदर को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार तालबेहट कांसीराम कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने उनके दिव्यांग बच्चे के उपचार के लिए उनके आयुष्मान कार्ड पर बच्चे का नाम जोड़े जाने की मांग की, जिस पूर्ति अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रकरण का निस्तारण कराकर अवगत कराने के निर्देश दिये गए। ग्राम पटसेमरा में अम्बेडकर पार्क की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की गई, जिस पर एसओसी चकबंदी व उप जिलाधिकारी को तत्काल कब्जा हटवाकर कार्यवाही के निर्देश दिये गए।

सुनौरीखेरा गांव में की वारदात

घरेलू विवाद में महिला की हथियार से हत्या, पति को हिरासत में लिया

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम सुनौरीखेरा में 2/3 अक्टूबर की देर रात घरेलू विवाद के बाद 37 वर्षीय महिला की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान गीता यादव पत्नी रामकृपाल यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतका के पति रामकृपाल यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में मृतका के पिता शिवराज सिंह यादव की तहरीर के आधार पर थाना तालबेहट में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार घटना की सूचना मृतका के घरवालों की ओर से डायल-112 पर दी गई थी। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम तथा स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। वहां गीता यादव मृत अवस्था में मिलीं। उनके सिर पर गंभीर चोटों के साथ खून के निशान पाए गए। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली कि गीता यादव की शादी करीब 20 वर्ष पूर्व रामकृपाल यादव के साथ हुई थी। दंपती के दो पुत्र हैं, जिनकी उम्र 18 और 16 वर्ष बताई गई है। पुलिस के मुताबिक पति-पत्नी के बीच घरेलू मामलों को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। घटना वाली रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ। आरोप है कि इसी दौरान रामकृपाल ने किसी धारदार वस्तु से गीता पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के समय दोनों पुत्र घर पर मौजूद नहीं थे और ट्यूबवेल पर गए हुए थे।

आसपास के लोगों से घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतका के मायके पक्ष को सूचना दी गई, जिसके बाद डायल-112 पर सूचना दी गई। घटना की सूचना पर पहुंची फील्ड यूनिट टीम ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य संकलित किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतका के पिता शिवराज सिंह यादव की तहरीर पर थाना तालबेहट में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी पति रामकृपाल यादव को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

26.50 लाख के डीजल पर विवाद

डीजल के भुगतान का तकादा करने पर पंप प्रबंधक से मारपीट

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम बम्हौरीसर स्थित एक पेट्रोल पंप से लाखों रुपये का डीजल लेने के बाद भुगतान नहीं करने और बकाया रकम मांगने पर पेट्रोल पंप प्रबंधक को धमकाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने के बाद न्यायालय की शरण ली गई। न्यायालय के आदेश पर तालबेहट पुलिस ने ट्रांसपोर्ट संचालक समेत दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत एवं न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार झांसी के नवाबाद वार्ड नं. 55 निवासी अनिल पुत्र नन्नेभाई वाल्मीकि ग्राम बम्हौरीसर स्थित यूनिवर्सल सर्विस स्टेशन (भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन), एनएच-44 के प्रबंधक/मुख्तयार खास हैं।

आरोप है कि ग्वालियर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित शर्मा ट्रांसपोर्ट के प्रोपराइटर आकाश शर्मा पुत्र बलराम शर्मा तथा सोनू शर्मा उर्फ धीरेन्द्र पुत्र बलराम शर्मा उनके पेट्रोल पंप पर आए थे। दोनों आरोपियों ने झांसी-ललितपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले अपने ट्रकों में डीजल भरवाने तथा प्रत्येक सप्ताह बकाया रकम का भुगतान करने की बात कही थी। विश्वास के आधार पर पेट्रोल पंप से 13 जुलाई 2020 से 3 अगस्त 2025 के बीच उनके ट्रकों में कुल 26,50,787.78 रुपये का डीजल भरवाया गया। आरोप है कि निर्धारित समय पर भुगतान मांगने पर आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे और केवल 20 हजार रुपये का भुगतान किया गया।

शिकायतकर्ता के अनुसार शेष रकम का भुगतान नहीं किया गया। आरोप लगाया कि 11 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 12 बजे जब उसने फोन और पेट्रोल पंप पर पहुंचकर बकाया रकम का तकादा किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपियों ने पेट्रोल पंप में आग लगवाने की धमकी भी दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पुलिस में शिकायत के बावजूद प्रारंभिक स्तर पर कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

भाजपा मंडल ने सौंपा मांग पत्र

गौना-कुम्हैड़ी स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर नदारद, इलाज के लिए परेशान



ललितपुर। ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर विकासखंड के ग्राम गौना और कुम्हैड़ी के ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। आरोप है कि दोनों गांवों के उप-स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों की तैनाती होने के बावजूद संबंधित चिकित्सक कई महीनों से नियमित रूप से ड्यूटी पर नहीं पहुंच रहे हैं। इसके चलते ग्रामीणों को उपचार के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर भाजपा मंडल गौना (कुसमाड़) के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी महरौनी को लिखित मांग पत्र सौंपकर स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था दुरुस्त कराने तथा चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की है। भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप एवं मंडल महामंत्री नवल सिंह की ओर से दिए गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि ग्राम गौना एवं कुम्हैड़ी में उप-स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं और वहां चिकित्सकों की तैनाती भी है, लेकिन संबंधित डॉक्टर कई महीनों से स्वास्थ्य केंद्रों पर नहीं पहुंच रहे हैं। पदाधिकारियों का कहना है कि चिकित्सकों की नियमित अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। जरूरत पडने पर लोगों को उपचार के लिए दूर के स्वास्थ्य केंद्रों या अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। भाजपा पदाधिकारियों ने एसडीएम महरौनी से मामले का संज्ञान लेते हुए दोनों स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है।

12 घंटे के भीतर तालबेहट पुलिस ने दबोचा

दुष्कर्म का वांछित मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

ललितपुर। थाना तालबेहट पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से 315 बोर का अवैध देशी तमंचा, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक थाना तालबेहट में दर्ज मु.अ.सं. 357/2026 में धारा 65(2) बीएनएस तथा 5(एम)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले में वांछित आरोपी ग्राम पवा निवासी सुखपाल सहरिया उर्फ सतपाल पुत्र देवेंद्र की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस के अनुसार 2 अक्टूबर 2026 को वादिया की तहरीर के आधार पर थाना तालबेहट में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों ने तलाश शुरू की। पुलिस का दावा है कि मुकदमा दर्ज होने के करीब 12 घंटे के भीतर आरोपी को पॉलिटेक्निक तिराहा के पास पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार



कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस तथा एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए। घायल आरोपी को उपचार के लिए भेजे जाने के बाद पुलिस द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के निर्देश तथा एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई में एएसपी कालू सिंह एवं सीओ तालबेहट आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में थाना तालबेहट प्रभारी निरीक्षक रमेशचन्द्र मिश्रा मय पुलिस टीम शामिल रही।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

प्रधानमंत्री के जन्मदिन माह अंतर्गत अनकही कहानियां व नाटक की प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के जन्मदिन माह के अवसर पर चल रहे कार्यक्रमों के अन्तर्गत आज सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड द्वारा तुवन मंदिर प्रांगण में नमो सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित अनकही कहानियाँ एवं नुक्कड़ सभा कार्यक्रम काआयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर ,किया गया। जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा भैया के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में बाहर से आये और संस्कृति विभाग से मान्यता प्राप्त कलाकारों द्वारा,और जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र, छात्राओं द्वारा प्रधानमंत्री मोदी जी के जीवन को द्रष्टिगत रख कर शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक एवं अनकही कहानियों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक विषयों को



प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया और विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए मा मोदी के जीवन पर भी प्रकाश डाला गया। इसमें बताया गया कि किस तरह कच्छ में आये भूकम्प का उस दौरान के गुजरात के मुख्यमंत्री रहे मां नरेन्द्र मोदी ने और विश्व आपदा के रूप में आयी आपदा कोबिड का सामना प्रधानमंत्री के रुप में रहे मां नरेन्द्र मोदी ने किया वह किसी आश्चर्य से कम नहीं हैं।विपत्ति के विभिन्न झंझावातों से निपट कर देश को निरन्तर आगे ले जाने बाले मां नरेन्द्र मोदी का जीवन अनुकरणीय है। इस अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कालेज, सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल सहित कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी ।तत्पश्चात सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा, कार्यक्रम संयोजक रुचिका बुन्देला द्वारा समस्त कलाकारों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम आयोजक सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी जीवन, सार्वजनिक सेवा और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान से जुड़े विचार साझा किये और सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने तथा कार्यक्रम का संयोजन सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा भैया ने एवं कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम की जिला संयोजक रुचिका बुन्देला ने किया। अन्त में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, चुनाव संयोजक जगदीश सिंह लोधी एड,क्षेत्रीय मंत्री रमेश कुशवाहा नझाई आदि मौजूद रहे।

छूटी गलियों में पाइप लाइन डलवाने की मांग

ललितपुर। वार्ड नंबर-02 विष्णुपुरा की छूटी हुई गलियों में पेयजल पाइप लाइन डलवाने की मांग को लेकर धानुक/बरार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम (नमामि गंगे) को ज्ञापन सौंपा। समाज के नगर अध्यक्ष सुजीत धानुक एवं राकेश नगेले जुगपुरा ने बताया कि शासन की हर घर जल योजना के तहत क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है, लेकिन कुछ गलियों को अभी तक इससे नहीं जोड़ा गया है। ज्ञापन में बताया गया कि विष्णुपुरा में मसान बाबा मंदिर के सामने वाली गली में करीब 200 लोगों की आबादी निवास करती है। इन लोगों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने के दौरान महेश माते के घर से सुजीत धानुक के मकान तक की गली के अलावा मूलचंद, विनोद एवं गेंदा बरार, धर्मेन्द्र तथा शिव मंदिर के पास शिवप्रसाद वाली गलियों में अभी तक पाइप लाइन नहीं डाली गई है। प्रतिनिधियों ने बताया कि इन गलियों में पाइप लाइन बिछाने के लिए पूर्व में भी प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। उन्होंने एडीएम नमामि गंगे से छूटी हुई सभी गलियों का स्थलीय निरीक्षण कराकर जल्द से जल्द हर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन डलवाने की मांग की, ताकि स्थानीय लोगों को नियमित पेयजल उपलब्ध हो सके। ज्ञापन पर समाज के संरक्षक महेश वर्मा, शिवप्रसाद, हरदास, किशन बाबूजी, संजय नगेले, सचिन, लालाराम, राजेश, रितिक सहित मोहल्लेवासियों के हस्ताक्षर हैं।

9 को लखनऊ कार्यक्रम के लिए बसपा ने कसी कमर, भागीदारी पर की चर्चा



ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में आगामी 9 अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सहभागिता को लेकर संगठन की तैयारियों पर विस्तार से मंथन किया गया। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की भागीदारी, आवागमन एवं संगठनात्मक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। साथ ही विधानसभा एवं मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं से संपर्क कर अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी झांसी रविकांत मौर्य, मंडल प्रभारी झांसी रघुनाथ कडेसरा, जिला संयोजक भाईचारा राकेश कुशवाहा तथा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

इसके अलावा जिला कार्यकारिणी सदस्य अंकुल बड़ोनिया, विधानसभा प्रभारी धर्मेंद्र अहिरवार, देवेंद्र अहिरवार, वृजेश जाखीवार, तनसुराम राम अहिरवार, मंडल प्रभारी रामसिंह कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष अमन संतोष एवं कपिल कुमार, जिला संयोजक वीवीएफ राघवेंद्र सिंह जरया, विधानसभा अध्यक्ष संतोष अहिरवार, विधानसभा महासचिव अर्जुनलाल तथा विधानसभा प्रभारी केहर सिंह गौतम सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में जोधेलाल अहिरवार, सुनील साहू, नगर अध्यक्ष कीरत सिंह राजपूत, रघुवर कुशवाहा, आदित्य सिंह गौतम, राजाभैया अहिरवार, सुनील कुमार, प्रेमपाल, छोटेलाल, महादेव सेन, भूपेंद्र सरवैया, कैलाश, हीरालाल कोरवास, हरिशंकर अहिरवार, हसीब खां मंसूरी, घनश्याम अहिरवार आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस ने किया आंदोलन करने का ऐलान

मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफा व कार्रवाई होने तक आंदोलन: रजक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सप्ताहभर आंदोलन चलाने की घोषणा की गई है। इसी संबंध में नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामनरेश दुबे के निवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस पदाधिकारियों ने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर अपनी बात रखी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दयाराम रजक ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ कांग्रेस द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक मुख्य निर्वाचन आयुक्त अपने पद से इस्तीफा नहीं देते और उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, तब तक कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। दयाराम रजक ने आरोप लगाया कि एसआईआर लागू किए जाने के कारण बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि इससे करोड़ों मतदाता प्रभावित हुए और इसका राजनीतिक लाभ भाजपा को मिला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस पूरे



मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करती है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया लोकतंत्र की आधारशिला है और मतदाता सूची से किसी भी पात्र नागरिक का नाम हटना गंभीर विषय है। कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाएगी तथा लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए अपना आंदोलन जारी रखेगी।

निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल: नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामनरेश दुबे ने कहा कि कांग्रेस निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल उठा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त के कार्यकाल में निर्वाचन आयोग की संस्थागत निष्पक्षता प्रभावित हुई है और निर्वाचन प्रक्रिया का राजनीतिक रूप से दुरुपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा लगातार एक सप्ताह तक विरोध-प्रदर्शन और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया की मांग को लेकर जनता के बीच जाएगी। रामनरेश दुबे ने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि मतदाता सूची में हुए बदलावों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, प्रभावित मतदाताओं के अधिकार सुरक्षित किए जाएं और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आंदोलन के दौरान कार्यकर्ता जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को जनता के सामने रखेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव और मतदाता के अधिकार सर्वोपरि हैं तथा कांग्रेस इन्हीं मुद्दों को लेकर अपना संघर्ष जारी रखेगी। प्रेस वार्ता को जिला कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम रजक, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामनरेश दुबे, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुँडेत एवं जिला महासचिव प्रदीप कुशवाहा ने संबोधित किया।

मैरिज गार्डन के रास्ते के लिए किया अतिक्रमण, कब्रिस्तान ग्राउंड के पास का मामला

नपाध्यक्ष ने खड़े रहकर हटवाया बेजा कब्जा दो घंटे चलती रही अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मुख्यालय के पुरा क्षेत्र में कब्रिस्तान ग्राउण्ड के समीप रिक्त पड़ी सरकारी जमीन पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था। नगर पालिका अमले को सूचना मिलने पर अतिक्रमण विरोधी दस्ता जेसीबी, टैक्टर सहित अन्य मशीनरी लेकर पहुंचा और सख्ती के साथ कब्जे को हटाने की कार्यवाही की गई। जानकारी के अनुसार पुरा क्षेत्र में कलेक्टर बंगले के समीप स्थित नाले के पास की अधिकांश जमीन सरकारी है। इसी जमीन पर मुख्य मार्ग के किनारे बड़े-बड़े पाईप रखते हुए नाले से रास्ता निकालने की कोशिश की जा रही थी। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू को सूचना मिलने पर शुक्रवार अपरान्ह वे एवं पुलिस का अमला मौके पर पहुंचा। यहां स्थान चिन्हित करने के बाद कब्जा हटाने की कार्यवाही शुरू की गई। इस दौरान किसी तरह का विवाद न हो इसके लिए एडिशनल एसपी केएल बंजारे, कोतवाली टीआई मंजू मखेनिया भी दल-बल के साथ पहुंचे और सामने रहकर अतिक्रमण को हटवाया जाने लगा। इस दौरान मौके पर अनेकों लोगों का हुजूम भी एकत्रित हो गया।

निजी गार्डन के लिए निकाल रहे थे रास्ता

नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू ने बताया कि नाले के समीप एक मेरिज गार्डन है। इस गार्डन के लिए मुख्य मार्ग से रास्ता देने बड़े-बड़े पाईप रखकर सरकारी भूभाग से रास्ता देने का प्रयास किया जा रहा था। इसी बेजा कब्जे का हटाने का कार्य शुक्रवार को किया गया है।

डूबक्षेत्र में बनाया है यह मेरिज गार्डन

नपाध्यक्ष साहू के अनुसार उक्त गार्डन का निर्माण भी डूबक्षेत्र की जमीन पर किया गया है। ऐसे में बगैर अनुमति किए गए गार्डन को तोड़ने की कार्यवाही भी आगामी दिनों में करवाई जाएगी। इसके लिए जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, सांसद रोड़मल नागर, क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव के संज्ञान में यह मामला डाला जा रहा है ताकि डूबक्षेत्र के निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही आगे बढ़ाई जा सके।

शुरू में विवाद के हालात भी हुए निर्मित

उक्त कार्रवाई शुरू होने पर कुछ लोगों द्वारा इसका विरोध किया गया। हालांकि, अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने किसी की एक न सुनी और कार्यवाही अनवरत रूप से चालू रखी गई। इस कार्यवाही में व्यवधान बनने वाले दो लोगों को भी पुलिस अपने साथ थाने ले गई।

एडिशनल एसपी सहित सुरक्षा अमला पहुंचा

इस कब्जे को हटाने की जानकारी मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे भी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। टीआई मंजू मखेनिया सहित सुरक्षा अमला मौके पर तैनात रहा ताकि किसी तरह के विवाद की स्थिति न बनने पाए।

गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ चलाया स्वच्छता अभियान

न्यायालय में रंगोली-चित्रकला और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि, अस्पताल में मरीजों को बांटे फल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को नगर में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और संस्थागत संगठनों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। गांधी चैक स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सेवा मेरा योगदान' अभियान के तहत गांधी चैक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मंत्री गौतम टेटवाल की मौजूदगी रही। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, एसडीएम जय सोलंकी, सीएमओ दीपक रानवे सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे।इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने महात्मा गांधी के स्वच्छता और सेवा के विचारों को आत्मसात करते हुए स्वच्छ,स्वस्थ और हरित सारंगपुर के निर्माण का संकल्प दिलाया।

न्यायालय परिसर में भी मनाई जंयती

वहीं न्यायालय परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार आपटे के मार्गदर्शन में गांधी जयंती पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अतुलराज भलावी, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड आकांक्षा कत्याल, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड शिवानी सैनी तथा व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड अश्विनी गहलोत की मौजूदगी में रंगोली, चित्रकला और फैंसी ड्रेस सहित कार्यक्रम हुए। इसमें न्यायालय के अधिवक्ताओं ने भी सहभागिता की।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

इधर कांग्रेस शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, पूर्व नपा अध्यक्ष मोहम्मद अली, प्रदीप सदानी, पार्षद शमीर मेव, शोएब हसन राही, हाफिज मेव सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नगर विकास प्रस्फुटन समिति की ओर से शासकीय अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर सेवा का संदेश दिया गया।इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,महामंत्री कमल राठौर,पार्षद राकेश पुष्पद,जाकिर सैफी,मनोज पुष्पद सहित अन्य मौजूद थे।

संजय गांधी उद्यान में विशेष शिविर आज

मंदसौर। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद, मंदसौर द्वारा 04 अक्टूबर , रविवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक संजय गांधी उद्यान में एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में सम्मानित नागरिकों एवं पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का त्वरित लाभ प्रदान किया जाएगा।

उत्तम विचार वाले गुणीजनों की संगति करो : प्रत्यक्ष रत्नविजय

मंदसौर। मनुष्य को उत्तम विचारों वाले, ज्ञानी व्यक्तियों का सानिध्य करना चाहिये। गृहस्थ जीवन में यदि व्यक्ति उत्तम विचारों का सानिध्य करता है तो उसका गृहस्थ जीवन सुखी रहता है। मनुष्य को जब भी ज्ञानी, उत्तम विचार वाले व्यक्ति का सानिध्य मिले उसे इसका लाभ लेते हुए ज्ञानवर्धक चर्चा करनी चाहिये। जीवन में सज्जन व्यक्तियों की संगति आपके जीवन का उद्धार कर सकती है। उक्त उद्गार प.पू. जैन संत मुनिराज प्रत्यक्षरत्नविजय म.सा. ने जीवागंज स्थित राजेन्द्र विलास में कहे। आपने शनिवार को यहां धर्मसभा में धर्मबिन्दु ग्रंथ श्रवण कराते हुए कहा कि शास्त्रकार ने हमें अपने जीवन में उत्तम व्यक्तियों के साथ रहने की प्रेरणा दी है। शास्त्रकार कहते हैं कि उत्तम विचार वाले साधु, संत, ज्ञानी, पुरुष आपके जीवन को सन्मार्ग की ओर ले जा सकते हैं, लेकिन यदि आपने शराब पीने वाले या अन्य कोई व्यसन करने वाले व्यक्ति की संगति की है तो उसका साथ आपको अपयश ही देगा, जीवन में अनुचित कार्य करने, व्यसन करने वाले की संगति करने से बचो। आपने कहा कि कोई व्यक्ति धनवान है, उत्तम कुल का है लेकिन उसमें संस्कार नहीं है तथा व्यसन में वह लिप्त है तो ऐसे व्यक्ति की भी हमें संगति नहीं करना चाहिये। आपने इस मौके पर सम्राट अशोक के पोत सम्प्रति महाराज का वृतान्त भी श्रवण कराया। सम्प्रति महाराज पूर्व भव में दरिद्र थे उन्हें जब संत का साथ मिला तो वे जैन मुनि बन गये और बाद में केवली के रूप में जीवन के कारण अगले भव में सम्राट अशोक के पोत के रूप में जन्मे और उन्होंने जाति स्मरण ज्ञान होने पर लाखों जैन मंदिर बनवाये। यह सब सम्प्रति महाराजा को उत्तम पुरुष अर्थात मुनि भगवंत के सानिध्य व संयम जीवन के कारण मिला।

कर्मचारियों व नागरिक ने गांधी जयंती पर चलाया सफाई अभियान

इनकम टैक्स अफसर ने किया श्रमदान, नदी किनारे पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



जिले में हालिया पदस्थ हुए जिला आयकर अधिकारी, महकमे के कर्मचारियों एवं नागरिकगणों द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर नेवज नदी के शिवघाट पर श्रमदान आयोजित किया गया। इस दौरान जिला इनकम टैक्स अधिकारी अरुण मीणा ने स्वयं हाथों में गेती, तगारी फावड़े उठाकर नदी के आसपास उगी कंटीली झाड़ियों को साफ करवाते हुए नदी के कचरे को भी बाहर निकाला। राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के तहत यह आयोजन रखवाया गया था ताकि पर्यावरण को सहेजा जा सके। यह अभियान सिर्फ एक दिन तक ही सीमित नहीं है बल्कि पूर्व में भी विभाग द्वारा श्रमदान करवाया गया था। प्रधान आयकर आयुक्त-1 इंदौर प्रवीण रावल के नेतृत्व एवं संयुक्त आयकर आयुक्त उज्जैन बी.एल. गट्टानी के निर्देशों पर यह आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नदियों की सफाई रहा ।

सामायिक का महत्व समझो, पापकर्म से डरो : विरलविजय

मंदसौर। प्रभु महावीर ने सामायिक को सबसे उत्तम साधना बताया है। मात्र 48 मिनट तक एक ही स्थान पर समता भाव में रहकर हम सामायिक की साधना कर सकते हैं। प्रभु महावीर ने राजगृही नगरी के राजा क्षणिक को सामायिक का महत्व बताते हुए इसे अनमोल बताया है तथा पुण्या श्रावक जो कि साधारण गृहस्थ (श्रावक) हैं उसके द्वारा जो सामायिक की साधना की जाती है उसे उत्तम साधन बताया है। प्रत्येक जैन श्रावक, श्राविका को पुण्या श्रावक की भांति पूरे मनोभाव से समता भाव में रहते हुए सामायिक की साधना करना चाहिये। उक्त उद्गार प.पू. जैन संत मुनिराज श्री विरलविजयजी म.सा. ने नईआबादी स्थित आराधना भवन में आयोजित व्याख्यान (धर्मसभा) में कहे। आपने शनिवार को यहां शांत, शुद्ध रूप में ध्यान व संयम का भावार्थ बताते हुए कहा कि सामायिक करने को बंधन मत समझो। सामायिक उच्च कोटि की साधना है। इसके करने से पुण्यकर्म का संचय होता है। इस साधना में न तो कोई धन लगता है न कोई साधन। इसलिये 48 मिनट की यह साधना कर धर्मलाभ लो। पापकर्म करने से डरो - मुनिश्री ने कहा कि हमें पापकर्म करने से डर लगना चाहिये। लेकिन सत्यता तो यह है कि हम पापकर्म करने से नहीं, पापकर्म के उजागर होने से डरते हैं। हमें डर लगता है कि हमें कोई पापकर्म करते हुए देख नहीं लें। जीवन में हम पापकर्म करने से डरे उसके उजागर होने से नहीं।

गांधी जयंती पर अतिथि शिक्षकों ने नियमितीकरण सहित अन्य मांगे रखीं

राजगढ़। शिक्षा विभाग में नियमितीकरण सहित अपनी अन्य मांगों के लिए अतिथि शिक्षकों द्वारा शुक्रवार को मुख्यालय पर ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला अतिथि संघ पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंची और अधिकारियों को अपनी मांगों से अवगत कराया। संगठन के प्रातीय एवं जिला पदाधिकारी हेमंत शर्मा, सतेंद्र नागर, राजेश बैरागी, रामचंद्र, सौरभ शर्मा, मांगीलाल तंवर, राजेश, रामप्रताप, प्रहलाद रुहेला, जगदीश जोशी, श्रीलाल पंवार, अमजद खान, अर्जुन राठौर ने बताया कि हमारे द्वारा 18 सालों से लगातार शासन, प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है। इसके बाद भी उनकी प्रमुख मांगों की तरफ आज तक विचार नहीं किया गया। ऐसे में गांधी जयंती पर पुनः मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया है। अगर आगामी दिनों में शासन ने कोई पहल नही की तो आगामी दिनों में आंदोलन तेज किया जाएगा।

जिला कांग्रेस कार्यालय में विचार संगोष्ठी आयोजित

'सत्य, अहिंसा और निर्भयता महात्मा गांधी की विरासत हैं'



मंदसौर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा विचार संगोष्ठी में सहभागिता की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि सत्य, अहिंसा और निर्भयता महात्मा गांधी जी की सबसे बड़ी विरासत हैं। गांधी जी ने हमें सिखाया कि अन्याय के सामने झुकना नहीं, बल्कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर अडिग रहकर उसका सामना करना ही सच्ची ताकत है। उनके विचार आज भी लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, समानता और मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान का उद्घोष कर देश की सुरक्षा और अन्नदाता किसानों के सम्मान को समान महत्व दिया। सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से परिपूर्ण उनका जीवन देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के विचारों को आत्मसात करते हुए सत्य, अहिंसा, सामाजिक सद्भाव, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, पुष्पा भारतीय, त्रिदेव पाटीदार, कांग्रेस संगठन महासचिव अजय लोढ़ा, मंजीत सिंह टुटेजा, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इष्टा भाचावत, दीपक सिंह गुर्जर, तरुण खींची ने भी संबोधित किया।

गांधी जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान तथा स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित



दलौदा। शासकीय महाविद्यालय दलौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ति के उपलक्ष में एक दिवस पश्चात- 03 अक्टूबर को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत व्याख्यान तथा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जे.एल.आर्य के मार्गदर्शन तथा सेवा संकल्प अभियान संयोजक डॉ.माधवी पाटीदार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो.गोविन्द कुमार राठौर तथा सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रो.सुरजसिंह राठौर द्वारा यह कार्यक्रम महाविद्यालय स्तर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो.राजेश हाड़ा ने गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए गांधी जी द्वारा चलाये गये आंदोलनों पर अपने विचार साझा किये। डॉ.गजराज पण्डया ने गांधी जी के समाजसेवी कार्यों का वर्तमान में सामाजिक महत्व को समझाया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.गोविन्द कुमार राठौर ने तथा आभार प्रो.सुरजसिंह राठौर ने व्यक्त किया। व्याख्यान कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टॉफ, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक तथा महाविद्यालयीन विद्यार्थी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में सफाई गतिविधियां सम्पन्न की गई।

वृक्षारोपण, स्वच्छता एवं सेवा संकल्प अभियान का आयोजन



मंदसौर। शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डॉ. सुधीर रायजादा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम रिछाबच्चा में वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवक छात्राओं द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र में पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश ग्रामीणों तक पहुँचाया गया। कार्यक्रम के दौरान रिछाबच्चा मे वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया गया। ग्राम के सरपंच एवं पूर्व सरपंच के सहयोग से मुक्तिधाम परिसर में भी वृक्षारोपण किया गया, जिसमें स्वयंसेवक छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। छात्राओं द्वारा परिसर की स्वच्छता भी की गई। कार्यक्रम में 22 रासेयो स्वयंसेवक छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नौरीन कुरैशी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. भारत सिंह कलेश, डॉ. उषा वर्मा, डॉ. सपना डे, डॉ. सूरज वर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति ग्रामीण समुदाय एवं विद्यार्थियों में जागरूकता उत्पन्न करना तथा सेवा भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

